# पारंपरिक विधि विधान के साथ हरेला पखवाड़े का आगाज

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

नगर की सामाजिक व सांस्कृतिक सरोकारों व पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी प्रमुख संस्था लेक सिटी वेलफेयर कलब द्वारा रविवार को होटल पवेलियन मल्लीताल में पारंपरिक विधि विधान के साथ हरेला पखवाड़े का आगाज किया गया।



इस अवसर पर कलब की महिलाओं द्वारा सात अनाजों को लेकर सुखाई मिट्टी के साथ हरेला बोया गया । इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम संयोजक गीता साह के नेतृत्व में महिलाओं द्वारा शगुन आखर शगुना देही के साथ दीप जलाकर शंख घंटे के साथ शुरू किया गया साथ ही महिलाओं ने हरेले के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पारंपरिक आशीर्वाद के रूप में जी रैया जागी रैया...का गायन किया। इस अवसर पर महिलाओं में बहुत ही उत्साह दिखाई दिया । महिलाओं ने पारंपरिक झोड़ें खोल दे माता खोल भवानी धारा में किवाड़ा... के साथ कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ाया, पहाड़ी संस्कृति को दिखाते हुए इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें झोड़ा चांचरी छपेली और बुवाई से संबंधित गीतों का प्रस्तुतीकरण किया गया।

उन्होंने दैणा होया खोली का गणेशा वे...के साथ ही अन्य पहाड़ी गानों पर महिलाएं नृत्य करती हुई दिखाई दी। कार्यक्रम संयोजक गीता साह ने हरेले के महत्व को बताते हुए हमारे पर्यावरण को बचाने व अपनी संस्कृति धरोहर को आगे बढ़ाने के लिए सभी से अपील की । इस अवसर पर उनके द्वारा सभी को हरेले बुवाई और एकादशी पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित कीगई। कलब की अध्यक्ष आभा साह ने कहा आगामी 19 व 20 जुलाई(शनिवार/रविवार) को कलब द्वारा भव्य हरेला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा,उन्होंने नगर के अधिक से अधिक लोगों को आने के लिए अपील की गई।

हरेला कार्यक्रम संयोजक दीपा पांडे ने बताया इस बार राजस्थान व असम तथा पंजाब की टीमों के साथ अल्मोड़ा तथा देहरादून की टीमों को भी आमंत्रित किया गया है, साथ ही शहर के विभिन्न महिला समूह और विद्यालयी बच्चों के द्वारा भी लोक नृत्य और लोकगीत प्रस्तुत किए जाएंगे । शोभायात्रा की संयोजक डा. प्रगति जैन ने बताया कि 19 जुलाई(शनिवार) को सुबह 1100 बजे गोवर्धन हाल से भव्य शोभायात्रा शैलेहाल तक निकाली जाएगी। इस अवसर पर हेमा भट्ट,रानी साह, जीवन्ती भट्ट, कंचन जोशी, कविता त्रिपाठी, अमिता शाह, अमित शाह शेरवानी, विनीता पांडे, नीरु साह, लीला राज, रेखा त्रिवेदी, संगीता श्रीवास्तव, रेखा पंत, तनु सिंह, ज्योति ढोंडियाल, दीपिका बिनवाल, मीनाक्षी कीर्ति, रमा तिवारी, आशा पांडे,जया वर्मा, भावना साह, वंदना जोशी, मानसी गर्ग, सरस्वती शिराला, सविता कुलोरा, दया कुंवर, तनप्रीत, तुसी शाह, मधुमिता व तनप्रीत उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम संयोजक गीता साह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# रामलीला मंचन हेतु तालीम की तैयारियां शुरू

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी नैनीताल में साँस्कृतिक परम्परा के क्रम में रामलीला मंचन हेतु तालीम की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। शेर का डांडा सात नंबर क्षेत्र में स्थित नव साँस्कृतिक सत्संग समिति के रामलीला ग्राउंड में आयोजित बैठक में मंगलवार से तालीम शुरू करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

समिति के अध्यक्ष खुशहाल सिंह रावत ने रामलीला मंचन हेतु समय से तालीम प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखाण् सर्वसमति से निर्णय लिया गया की मंगलवार 8 जुलाई की सायं 7 बजे से सात नंबर स्थित रामलीला ग्राउंड में भव्य सुन्दर काण्ड के साथ विधिवत रूप से रामलीला की तालीम शुरू की जाएगी। समिति के सदस्य पूरन चंद्र पांडे ने तालीम में बाल कलाकारों के उत्साहवर्धन हेतु समस्त सदस्यों से उपस्थित रहने की अपील की। इस हेतु समितियों का गठन कर हार्मोनियम वादन में खुशहाल रावत, हिमत सिंह एवं ललित गिरी गोस्वामी, तबला वादन में पूरन चंद्र पांडे, संतोष पंत एवं गौरव जोशी को दायित्व दिया गया जबकि रामलीला मंचन के निर्देशक मंडल में इंद्र सिंह रावत, दीपक जोशी,वीरेंद्र जोशी, चारु पंत को दायित्व दिया गयाण्



बैठक में अध्यक्ष खुशहाल रावत, सचिव पी सी पांडे, उप सचिव डा.हिमांशु पांडे, कोषाध्यक्ष विनोद सनवाल, साँस्कृतिक सचिव हिमत सिंह, सह कोषाध्यक्ष दीपक जोशी सहित वरिष्ठ सदस्य प्रकाश चंदोला, वीरेंद्र जोशी, राजेश जोशी, इंद्र सिंह रावत, उमेश सनवाल, गणेश लोहनी, ललित गिरी गोस्वामी, चंद्र शेखर जोशी, यू डी. जोशी, कमल किशोर बिष्ट तथा भैरव बिष्ट आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# नैना पीक वन क्षेत्र में देवदार के 101 पौधे रोपित किए गए

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

नगर की प्रमुख धार्मिक संस्था श्री रामसेवक सभा नैनीताल द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए एक बड़े पैमाने पर रविवार को नगर की सबसे ऊंची चोटी नैना पीक को जाने वाले रोड के वन क्षेत्र में देवदार के 101 पौधे रोपित किए गए।

इस पौधरोपण कार्यक्रम में रामसेवक सभा में रामलीला की तालीम में भाग ले रहे बाल कलाकारों के साथ ही रामसेवक सभा के पदाधिकारी द्वारा एक पेड़ मां के नाम से पौधे लगाए गए। यह कार्यक्रम लगातार 3 घंटे तक चला रहा। श्री रामसेवक सभा नैनीताल सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यों के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी कार्य करता है ।

कार्यक्रम में रामसेवक सभा के अध्यक्ष मनोज शाह, उपाध्यक्ष अशोक शाह, प्रबंधक विमल चौधरी, पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी, कोषाध्यक्ष बिमल साह, प्रबंधक विमल चौधरी, व्यापार मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष कमलेश ढौंडियाल, समेत हरीश सिंह राणा, कैलाश बोरा, मिथिलेश पांडे, हीरा रावत, भुवन बिष्ट, अमर साह, गोधन बिष्ट, आनन्द बिष्ट, देवेंद्र बगड़वाल, युवराज करायत व प्रियांशु आर्या आदि मौजूद थे।



## NEWS / फटाफट

### ड्रंक एंड ड्राइव के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान



**नैनीताल** । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा सडक़ दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में 'ड्रंक एंड ड्राइव, ओवरलोडिंग व रैश ड्राइविंग एवं स्टंट करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें ज्योलिकोट के पास हरियाणा नंबर की गाड़ी में सवार एक परिवार के कुछ लोग तेज रफतार वाहन की सनरूफ और खिड़कियों से बाहर निकलकर फोटोग्राफी करते दिखाई दे रहा थे। जिससे आमजनता पर नकारात्मक संदेश प्रवाहित हो रहा था। नैनीताल पुलिस द्वारा वाहन की पहचान कर वाहन चालक के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा परिजनों की काउंसलिंग करते हुए उनसे भविष्य में ऐसे कृत्य न करने की सखत चेतावनी दी गई। वाहन चालक व परिजन ने अपनी गलती स्वीकारते हुए माफ ी मांगी और दोबारा ऐसा न करने का आश्वासन दिया।

### जेसीबी लगाकर सड़क से मलबा हटाना शुरू किया

**नैनीताल** । देवीधूरा बसानी मार्ग में गिरे मलबे की शिकायत के बाद विभाग हरकत में आ गया है। विभाग ने जेसीबी लगाकर सड़क से मलबा हटाना शुरू कर दिया है। बता दें कि बरसात के चलते देवीधूरा बसानी मार्ग पर कई जगह मलबा गिरने से कीचड़ जमा हो गया। जिसके चलते स्कूली बच्चों समेत ग्रमीणों को पैदल चलने व वाहन चलाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों की शिकायत पर आखिरकार पीएमजीएसवाई ने सडक़ से कीचड़ व मलबे की सफाई कर दी है। पीएमजिएसवाई के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि सडक़ में जेसीबी लगवा दी गई है। जल्द ही सडक़ से मलबा व कीचड़ हटा दिया जाएगा।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# हमारी नीतियों की वजह से भाजपा में घबराहट पैदा हुई: खष्टी बिष्ट

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों की वजह से भाजपा में घबराहट पैदा हो गयी है। कहा कि भाजपा की आईटी सैल ने कांग्रेस की माई बहन, मान योजना पर घिनौनी हरकत कर एक फेक वीडियो बनाकर हमला किया है जब कि महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा की यह बहुत दूरदर्शी पहल है। इस पहल से घबरा कर भाजपा आईटी सैल नीच हरकत पर उतर आया है।

कहा कि बिहार की गरीब महिलाओं को फ्री सैनिटरी पैड देने की कांग्रेस की पहल है। जिसमें एडिटि वीडियो में भाजपा आई टी सैल ने सांसद,लोकसभा तथा नेता विपक्ष राहुल गांधी की तस्वीर जोडक़र भ्रामक और अशोभनीय ढंग से पेश किया गया है। बिष्ट ने कहा कि हम पूछना चाहते हैं कि



महिलाओं का स्वास्थ्य अब भाजपा के लिए मजाक बन गया है जब कि बिहार सहित तमाम ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी आधी आबादी पीरियड के दौरान कपड़ा ही इस्तेमाल कर रही है कयों की पैड महंगा होने की वजह से। ये महिलाएं कई तरह के बीमारी से जूझ रही हैं। कांग्रेस पार्टी उन महिलाओं का हक, समान और स्वस्थएको सुरक्षित करने में जुटी है। लेकिन भाजपा के आईटी सेल द्वारा यह घिनौनी हरकत कर महिलाओं का मान मर्यादा को तारतार किया है। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्षए पूर्व दर्जा राज्य मंत्री खष्टी बिष्ट ने कहा कि यह हमला देश की हर महिला की गरिमा पर हुआ है । हम इस तरह की घिनौनी हरकतों की कड़ी निंदा करते हैं, और भाजपा आई टी सैल को भविष्य में ऐसे घिनोनी महिला विरोधी राजनीति न करने सलाह दी।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 124वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

नैनीताल मंडल भाजपा ने महान राष्ट्रवादी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 124वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस मौके पर विधायक श्रीमती सरिता आर्य तथा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की और अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वकताओं ने डा. मुखर्जी के संघर्ष तथा धारा 370 के विरोध और भारतीय जनसंघ की स्थापना पर प्रकाश डाला गया। उनके श्एक देश में दो प्रधानए दो विधान और दो निशान नहीं चल सकते के नारे को राष्ट्रवाद की पहचान बताया गया। कार्यक्रम में मनोज जोशी सलाहकार मंडी परिषद , आशीष बजाज, विमला अधिकारी, भारत सिंह मेहरा, कमल जोशी, अरविंद पडियार, दयाकिशन पोखरिया, भगवत रावत गजाला कमाल, राहुल नेगी,रोहित जोशी, अतुल पाल, पंकज बर्गली, पंकज भट्ट, विक्रम राठौर, विक्रम रावत, भूपेंद्र बिष्ट और पंकज साह सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# अभिमत

## सब गोलमाल

***उत्तराखंड में सरकार को नौकरशाही पलीता लगा रही है। घोटालों की परत दर परत खुलने से भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस नाकाम साबित हो रहा है। राज्य का 65 प्रतिशत भूभाग जंगल है। ग्रीष्मकाल शुरू होने पर जंगल में आग लगने की घटनाएं होती हैं। 15 फरवरी से 15 जून तक फायर सीजन होता है। जनवरी शुरू होने पर आग पर नियंत्रण के लिए उपकरण खरीदने के लिए वन विभाग को बजट दिया जाता है। 15 जून बीत जाने के बाद उपकरण खरीदकर बजट को ठिकाने लगाने का मामला प्रकाश में आया है।***

सरकार की नीतियों और योजनाओं का कार्यान्वयन अधिकारी व कर्मचारी करते हैं। उत्तराखंड में सरकार को नौकरशाही पलीता लगा रही है। घोटालों की परत दर परत खुलने से भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस नाकाम साबित हो रहा है। राज्य का 65 प्रतिशत भूभाग जंगल है। ग्रीष्मकाल शुरू होने पर जंगल में आग लगने की घटनाएं होती हैं। 15 फरवरी से 15 जून तक फायर सीजन होता है। जनवरी शुरू होने पर आग पर नियंत्रण के लिए उपकरण खरीदने के लिए वन विभाग को बजट दिया जाता है। 15 जून बीत जाने के बाद उपकरण खरीदकर बजट को ठिकाने लगाने का मामला प्रकाश में आया है। रकम भी मामूली नहीं 18 करोड़ रुपये है। यह गोलमाल कोई पहली बार नहीं हो रहा है। ऐसे मामले भी उजागर हुए हैं, जब फायर सीजन के दौरान टेंडर के बाद भुगतान किया गया। कमाल यह हुआ कि सामान फायर सीजन खत्म होने के बाद भी नहीं आया। भ्रष्टाचार का खुलासा होने पर जांच के बाद कुछ अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई हुई। फायरफाइटिंग के लिए मुख्य रूप से लीफ ब्लोअर की जरूरत होती है। इस साल पेट्रोल चालित लीफ ब्लोअर की खरीद के लिए बजट जारी किया गया। जबकि वन विभाग के कई डिवीजन ने पेट्रोल चालित ब्लोअर खरीदने से इन्कार कर दिया। फायर फाइटिंग विशेषज्ञों ने बताया कि पेट्रोल चालित लीफ ब्लोअर खुद आग का कारण बन सकते हैं, इसलिए बैटरी चालित ब्लोअर खरीदने के निर्देश दिये थे। फायर सीजन खत्म हो जाने के बाद भी बैटरी चालित ब्लोअर नहीं खरीदे गये। वनाग्नि प्रबंधन ने लीपापोती करते हुए कहा कि फायर सीजन की तैयारी सालभर चलती है। यह बात गले नहीं उतर रही है। इस साल मई में रुक-रुक कर बारिश होने से गर्मी कम महसूस हुई। जंगल में आग की घटनाएं बहुत कम हुईं। मई में भीषण गर्मी और बारिश नहीं होने पर आग की घटनाएं ज्यादा होती हैं। जंगल में आग स्वतः नहीं लगती, बल्कि लकड़ी माफिया पेड़ काटकर साक्ष्य मिटाने के लिए खुद आग लगाते हैं। जंगल के निकट रहने वाले ग्रामीण पेड़ों के सूखे पत्तों में आग लगाते हैं, जिससे घास अधिक उगे और पशुओं के लिए चारा मिले। आग की घटनाएं नहीं होना स्वाभाविक रूप से अच्छा संकेत है। प्राकृतिक संपदा जलने से बच गई। उधर वन विभाग के अधिकारियों को बजट की बंदरबाट का भी मौका मिल गया।

# मुहर्रम पर अमन व भाईचारे के लिए दुआ की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

मुहर्रम कमेटी के सदर नाजिम बखश की अध्यक्षता में रविवार को रजा कलब मल्लीताल में फातेहा ख्वानि पढ़ा गया और अपने शहर व मुल्क में अमन व भाईचारे के लिए दुआ की गई।

यौमे अशुरा के दिन मुहर्रम कमेटी की ओर से जानिब जुलुसे हुसैनी रॉयल होटल से ढोल ताशों और फ़तहे निशान तथा अखाडा के साथ निकाला गया। जुलूस रॉयल होटल, इंद्रा मार्किट से होते हुए रजा कलब इमामबाड़ा पहुंचा। जिसके बाद कमेटी की ओर से बनाए गए ताजिये के साथ जुलुस का नगर मे निकला गया। इस दौरान अखाडा कमेटी की ओर से करतब दिखाए गए। जुलूस में लोगों ने मातम किया और मोला अली मोला अली, हसन, हुसैन, सकीना या अबबास हक़हुसैन मोला हुसैन के नारे लगा कर गमे हुसैन मनाया गया। जुलूस रजा कलब इमामबाड़े से अपने निर्धारित मार्ग से अंडा मार्केट, जय लाल शाह बाजार, बीच बाजार, खड़ी बाजार, गाड़ी पड़ाव मल्लीताल कोतवाली, शारदा संघ, पुराना घोड़ा स्टैंड, गोल घर, बड़ा बाजार, इंद्रा मार्केट, रॉयल होटल, नैनीताल कबल, चीना बाबा मंदिर,हाई कोर्ट रोड, सूखाताल तिराहा से होते हुए देर रात सूखाताल कर्बला में संपन्न हुआ और वहां पर ताजियों को सुपुर्दे खाक किया गया। इसके साथ ही इस वर्ष नहीं रहे अखाड़ा कमेटी के उस्ताद मरहूम अबदुल अजीज और अखाड़ा कमेटी के अध्यक्ष अबदुल जमील मुन्ना के लिए मगफि रत की गई। इस दौरान कमेटी के उपाध्यक्ष तस्लीम बखश, उपाध्यक्ष समीर अहमद मन्नू, महासचिव समीर अली, सचिव मोहमद क़ासिम, कोषध्यक्ष मोहमद अज़ीम, सरपरसत मो. नसीम, मइस्लाम, शान अहमद साकिबी, आरिफ हुसैन, रशीद वारसी, अबदुल वासिद, मोण् समिल्लाह, अनस, सऊद बखश, मोहसीन, सालिक अहमद, आतिफ बकश, याकजान, अशरफ फैज़ान, इमरान हुसैन, जुबेरए हनान अहमद, फारूक़, अहद बखश आदि मौजूद रहे।




### बीडी पाडे अस्पताल में फल वितरित किए

मुहर्रम की 10वीं तारीख के अवसर पर द ट्रेजर ऑफ ट्रू गाइडेंस संस्था ने रविवार को बीडी पांडे अस्पताल में फल वितरित किए गए। इस दौरान 800 से अधिक पैकेट मरीजों को वितरित किए गए। मुहर्रम की 10वीं तारीख इमाम हुसैन की शहादत का प्रतीक है और इस मौके पर संस्था ने प्रेम और दया का संदेश दिया।

### शिया समुदाय ने मातम ए जुलूस निकाला

मुहर्रम के अवसर पर तल्लीताल शिया समुदाय की ओर से रविवार को मातम ए जुलूस निकाला गया। मोहर्रम का चांद दिखने के बाद से ही तल्लीताल शिया समुदाय में मजलिसों का दौर जारी रहा। जिसमें मुरादाबाद सिरसी से आए मौलाना सैय्यद सादाब मेंहदी की ओर से मजलिसों को खिताब किया।तल्लीताल सिया समुदाय के सदर फरमान अली खान ने कहा कि ईमाम हुसैन की शहादत की याद में हर साल मुहर्रम मनाया जाता है। इस अवसर पर हरीनगर से तल्लीताल मोटापानी तक मातम ए जुलूस निकाला गया।इस दौरान मुस्ताक अली खान, अमजद खान, एहसान खान, मुखतार अली, जफ र अली, मुजफर अली, रजब खान, रमजानी खान व कुर्बान अली मौजूद रहे।

## बाइक व कार में भिड़ंत बाइक सवार गंभीर

**नैनीताल ।** नैनीताल- भवाली मार्ग में कोहरे के चलते बाइक व कार के भिडने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

जानकारी के अनुसार भीमताल निवासी मोहन सिंह चौहान व ज्योलीकोट निवासी मंनोज सिंह बाइक पर नैनीताल से भवाली की ओर जा रहे थे। इस दौरान हापुड़ निवासी सुफियान कुरेशी अपनी कार से भवाली से नैनीताल की ओर आ रहे थे। इस दौरान क्षेत्र में घना कोहरा होने के कारण पाइन्स के समीप दोनों वाहनों की भिड़ंत हो गई। वाहनों की भिड़ंत में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। सूचना के बाद चीता कांस्टेबल अमित गहलोत ने मौके पर पहुंच कर लोगों की मदद से घायलों को बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। बीडी पांडे अस्पताल में उपचार के बाद दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफ र कर दिया है।

# रुद्रपुर में 'त्रिशूल चौक' का हुआ भूमि पूजन

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

शहर को धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान दिलाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए रविवार शाम महापौर विकास शर्मा ने इंदिरा चौक पर प्रस्तावित 'त्रिशूल' की स्थापना के लिए विधिवत भूमि पूजन किया। यह आयोजन श्री अमरनाथ सेवा मंडल के पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। चौक को अब 'त्रिशूल चौक' के रूप में एक नई पहचान देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिसकी औपचारिक घोषणा शीघ्र ही एक भव्य समारोह में की जाएगी।महापौर ने बताया कि नगर निगम चुनाव के दौरान जनता से जो वायदे किए गए थे, उन्हें धरातल पर उतारने की दिशा में यह ठोस कदम है। यह शहर भगवावन रूद्र की नगरी है। हमारा संकल्प है कि रुद्रपुर के प्रमुख चौराहों को धार्मिक प्रतीकों से सजाया जाए, जिससे शहर को न केवल एक सांस्कृतिक स्वरूप मिलेगा बल्कि उसकी धार्मिक पहचान भी सुदृढ़ होगी। त्रिशूल, डमरू, धर्मचक्र जैसे प्रतीकों की स्थापना के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों को सौंदर्यपूर्ण और



आस्था से परिपूर्ण बनाया जाएगा। इस कार्य योजना को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिन्होंने गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में सार्वजनिक मंच से इस योजना की घोषणा की थी। अब इस दिशा में कार्य प्रारंभ हो चुका है और इसे तय समय सीमा में पूरा किया जाएगा।कहा कि अमरनाथ यात्रा आरंभ होने से पूर्व यह भूमि पूजन विशेष महत्व रखता है। आने वाले समय में इसी प्रकार अन्य प्रमुख चौराहों पर भी धार्मिक प्रतीकों की स्थापना की जाएगी, ताकि पूरा शहर एक आस्था-परक सांस्कृतिक छवि को दर्शा सके। बताया कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के रुद्रपुर आगमन पर 'त्रिशूल चौक' का विधिवत लोकार्पण किया जाएगा। समयबद्ध रूप में साकार किया जा सके।

कार्यक्रम में राजीव मिड्डा, अंकित नरूला, पारस चुघ, सचिन गुंबर, विवेक दीप सिंह, कालू नारंग रजनीश बत्ता, प्रमोद शर्मा,बिट्टू शर्मा,गोपी सागर, रश्मि रस्तोगी, करुण गुप्ता,वरुण मुंजाल, शेखर जुयाल अमित अरोरा समेत श्री अमरनाथ मंडल के लोग मौजूद रहे।

## फिल्मी दुनिया

# प्रियंका चोपड़ा ने अपनी सास के साथ शेयर किया मजेदार किस्सा



*प्रियंका चोपड़ा जोनस ने एक इंटरव्यू के दौपान बताया कि उनके लिए कपड़े धोना हमेशा से ही चुनौतीपूर्ण काम रहा है और वह हमेशा किसी और से यह काम करवाने की कोशिश करती रही हैं। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस इन दिनों अपनी फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट्स को लेकर सुर्खियों में हैं। इसी फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें भी बाकी लोगों की तरह घर का एक काम सबसे कम पसंद है। प्रियंका चोपड़ा ने पीपुल मैगजीन को बताया कि उन्हें कपड़े धोना बहुत मुश्किल लगता है। उन्होंने मजाक में कहा कि एक बार उन्होंने अपनी सास डेनिस मिलर-जोनस को कपड़े धोने के लिए मना लिया था। प्रियंका ने कहा, मैं इस्त्री और कपड़े समेट सकती हूं, लेकिन वॉशिंग मशीन के बटन और विकल्प मुझे उलझन में डालते हैं। मैंने अपनी सास से सीखने की कोशिश की, लेकिन आखिर में मैंने उनसे ही यह काम करवा लिया। प्रियंका हेड्स ऑफ स्टेट एक्शन-कॉमेडी फिल्म है, जो 2 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म में प्रियंका के अलावा जॉन सीना और इदरीस एल्बा भी अहम भूमिका में हैं। यह फिल्म प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। प्रियंका जल्द ही द ब्लफ और जजमेंट डे में नजर आएंगी, जिसमें वह जैक एफ्रॉन और विल फेरेल के साथ नजर आएंगी।*

### सास के साथ बॉन्डिंग

*2018 में निक जोनस से शादी के बाद से प्रियंका अपनी सास के काफी करीब हैं। वह अपनी 3 साल की बेटी माल्टी मैरी के साथ पारिवारिक तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। प्रियंका ने बताया कि निक का परिवार 2000 में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता देख रहा था, जिसमें वह जीती थीं। उनकी सास ने कहा, मुझे याद है, मैंने तुम्हें टीवी पर देखा था। उस समय प्रियंका 17 साल की थीं और निक 7 साल के थे।*

# वीरशिबा सीनियर सेकेण्डरी स्कूल का स्थापना दिवस मनाया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

हल्द्वानी। वीरशिबा सीनियर सेकेण्डरी स्कूल का स्थापना दिवस मनाया गया। सर्व प्रथम विद्यालय की संस्थापिका निरुपमा भट्ट तलवार, प्रबन्धक तिलक राज तलवार प्रधानाचार्या मीना सती, उपप्रधानाचार्य एच0एस0 बब्बर, एडमिनिस्ट्रेटर निशा सिंह, एच0ओ0डी0 अनीता बिष्ट ने दीप प्रजवलित एवं केक कटिंग कर कार्यक्रम का संचालन किया। छात्र प्रियाशुं सयाला एवं छात्रा नेहा चौधरी द्वारा विद्यालय के सभी कार्यों का वर्णन किया गया, विद्यालय कि अध्यापिकाओं द्वारा संस्कृत गीत ''सुदिनं-सुदिन स्थापना दिन'' मनमोहक गीत प्रस्तुत किया गया। कक्षा 4 और 5 की छात्राओं द्वारा संस्कृत वंदना प्रस्तुत की गयी जो बहुत ही मनमोहक थी। अंत में प्रधानाचार्या मीना सती द्वारा विद्यालय की उपलब्धियां को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी एवं अध्यापकगण उपस्थित थे।



## News कॉर्नर

### ठंडी सडक़ पर प्रतिबंध के बाद भी दौड़ रहे दोपहिया वाहन

**नैनीताल ।** नैनीताल की ठंडी सडक़ पर प्रतिबंध के बाद भी इन दिनों दो पहिया वाहन दौड़ रहे हैं। जिससे पैदल चलने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने ठडी सडक़ पर दोपहिया वाहन दौड़ाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। बता दें कि नैनीताल की ठंडी सडक़ में किसी भी प्रकार के वाहनों का चलना प्रतिबंधित है। जिसके लिए ठंडी सडक़ की दोनों छोर पर गेट लगे हुए हैं। लेकिन सडक़ में काम के दौरान जब गेट खुलते हैं तो लोग दो पहिया लेकर यहाँ घुस जाते हैं। रविवार को भी कई पर्यटल ठंडी सडक़ पर स्कूटी दौड़ाते नजर आए। जिनकी वीडियो बनाकर लोगों ने सोशल मीडिया में डाली है और कार्रवाई की मांग की है। मामले में एओ रमेश बोरा ने बताया कि थड़ी सडक़ में बाइक दौड़ाने वालों के लगातार चालान किये जाते हैं। पकड़े जाने पर आगे भी चालान किया जाएगा।

### नैनीताल रोड पर सड़क हादसे में बावर्ची की मौत

**हल्द्वानी ।** नैनीताल रोड पर बीते देर रात हुए सड़क हादसे में रेस्टोरेंट के बावर्ची की मौत हो गई। हादसे में आरटीओ रोड निवासी बैंक सुरक्षा कर्मी भी घायल हो गया। घायल का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार अल्मोड़ा सूरी गांव निवासी 44 वर्षीय खीम सिंह यहां शीशमहल स्थित आईवोरी रेस्टोरेंट में कारीगर का कार्य करते थे। शनिवार की रात रेस्टोरेंट में काम खत्म करने के बाद वह अपने साथियों के साथ शीश महल स्थित रेलवे फाटक के निकट अपने कमरे पर जा रहा था, तभी वह काठगोदाम की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कूटी की चपेट में आ गए। हादसे में खीम सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। साथ ही स्कूटी सवार आरटीओ रोड निवासी शंकर सिंह भी घायल हो गए। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने खीम को मृत घोषित कर दिया। घायल शंकर का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# महाराज के कर कमलों से मां की स्मृति में चुघ परिवार ने शुरू किया पौधरोपण

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

मां के निधन के पश्चात चुघ परिवार ने उनकी स्मृति में जो पौधा रोपण करने का संकल्प लिया था। उसका शुभारंभ कर दिया गया है। वृंदावन स्थित परमहंस आश्रम में महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज के कर कमलों से चुघ परिवार ने पौधारोपण अभियान के तहत बेलपत्र ,रुद्राक्ष कदमब और नीम के पौधे रोपे साथ ही पौधों की देखरेख और सुरक्षा को लेकर इंतजाम भी किये। वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ, तरुण चुघ और मनीष चुघ की माता जी पूर्व जिला पंचायत सदस्य उर्मिला रानी चुघ का आकस्मिक निधन 22 जून को हो गया था। जिस पर चुघ परिवार ने अपनी माता की याद में तीन संकल्प लिए थे। जिसमें प्रतिवर्ष 101 पेड़ लगाने का भी संकल्प लिया था। उसी के तहत आज वृंदावन में परमहंस आश्रम में महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज के करकमलों द्वारा विभिन्न पौधों का रोपण किया गया तथा उसकी सुरक्षा और देखभाल की शपथ भी ली गई। स्वामी धर्मदेव महाराज ने कहा कि संसार में प्रत्येक मनुष्य अपनी देह को त्याग देता है लेकिन उनकी स्मृतियों को सदैव जीवित रखने के लिए ऐसे संकल्प समाज को नई प्रेरणा देते हैं उन्होंने कहा कि प्रत्येक इंसान को अपने जीवन काल में समाज हित के लिए ऐसा उदाहरण पेश करना चाहिए जिसे आने वाली पीढ़ियां सदैव याद रखें। इन्हीं संस्कारों और आदर्शों के चलते चुघ परिवार ने भी जो संकल्प लिए वह सदैव स्मरणीय रहेंगा। पौधारोपण का कार्यक्रम महंत संजीव कपिल के सानिध्य में चलाया गया। भारत भूषण चुघ ने कहा कि माता जी की स्मृति में तीन संकल्प लिए गए थे। जिसमें आज पहले संकल्प पौधारोपण अभियान की शुरुआत कर दी है। इसके पश्चात गरीब कन्याओं का विवाह और निर्धन बच्चों की निशुल्क शिक्षा का भी अभियान प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने सभी संत महात्माओं का आभार जताया इस दौरान महंत राधा नंद गिरी जूना अखाड़ा वृंदावन, चुन्नीलाल चुघ,किशन लाल रामड़े,अंजू रामडे,रिशभ रामड़े, तान्या रामड़े, अवधेश शर्मा, देवानंद शर्मा, अरविंद गुप्ता,रवि अरोरा नंदकिशोर, ओमप्रकाश सहित सैकड़ों भक्तजन आदि मौजूद थे।



# शक्ति प्रदर्शन के साथ कोमल ने कुरैया जिला पंचायत सदस्य के लिए ठोंकी ताल

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

जिला पंचायत 14,कुरैया से भाजपा समर्थित प्रत्याशी कोमल चौधरी ने शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन किया। नामांकन के दौरान विधायक शिव अरोरा समेत कई वरिष्ठ भाजपाई मौजूद रहे। शनिवार को नामांकन के अंतिम दिन कुरैया जिला पंचायत सदस्य के लिए भाजपा समर्थित उपेंद्र चौधरी की पत्नी कोमल चौधरी ने जिला पंचायत कार्यालय पहुंची और नामांकन किया। नामांकन से पहले काशीपुर रोड स्थित एक रिजॉर्ट में कोमल चौधरी के समर्थक और भाजपाई भारी संख्या में पहुंचे। यहां पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने कोमल चौधरी को जीताने की अपील की। उन्होंने कहा कि दो बार से कुरैया सीट पर कांग्रेस के पास है जिन्होंने दस साल मे कुछ कार्य नही किया, कुरैया की जनता मे निराशा है मगर कोमल चौधरी के प्रत्याशी घोषित होने के बाद से एक अलग ही उत्साह




इस क्षेत्र के लोगो मे देखने को मिला है। इस बार कुरैया की जनता भाजपा को भारी मतों से जिताएगी। उन्होंने लोगो से अपील की कि कोमल चौधरी की जीत सुनिश्चित करते हुऐ गांव मे भी भाजपा की सरकार बनाकर विकास के पहिये मे ओर तेजी आयेगी ऐसा विश्वास दिलाते है। नामांकन के दौरान रोड शो के रूप में किरतपुर,बागवाला,मटकोटा, छतरपुर बिंदुखेड़ा,धर्मपुर होते हुऐ जिला पंचायत कार्यालय पंहुचा जहाँ कोमल चौधरी ने अपना नामकन पर्चा दाखिल किया। यहां पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला,जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, सुरेश कोली, पूर्व मेयर रामपाल, उपेंद्र चौधरी,तरुण दत्ता, कमलेश सेमवाल,राजेश जग्गा, रश्मि रस्तोगी, किरन विर्क,गुन्नू चौधरी, मयंक कक्कड़ आदि मौजूद रहे।

# 14वें परम पावन आध्यात्मिक गुरूदलाई लामा का जन्मदिन मनाया

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के सुखनिवास स्थित बौद्ध मठ में रविवार को 14वें परम पावन आध्यात्मिक गुरूदलाई लामा का 090 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नैनीताल के तिबबती और भोटिया समुदाय के लोगों ने मठ में पूजा अर्चना कर उनकी लंबी आयु की कामना की। केक काटकर दलाई लामा का जन्मदिन मनाने के साथ ही कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस दौरान तिबबती समुदाय की महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में नृत्य भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पद्मश्री डा यशोधर मठपाल और वरिष्ठ पत्रकार राजीव लोचन साह मौजूद रहे।

तिबती समुदाय के अध्यक्ष येशी थुप्तेन ने कहा कि गुरूजी के जन्मदिन के अवसर पर तीन दिन तक मठ में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और इस दौरान प्रतिष्ठान भी बंद रहेंगे। बताया कि रविवार दलाई लामा के जन्मदिन के अवसर पर उनकी लम्बी उम्र की कामना की गई और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस दौरान केलसंग छुकि, रिंगिजंग छोजुम, सोनम, तेनजिन छोरूंग, ताशी डोलमा, तेनजिन लाडेन सहित तिबबती और भोटिया समुदाय के लोग मौजूद रहे।



# विकास की रफ्तार को मिला पार्किंग का साथ

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड सरकार की संवेदनशीलता और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की दिशा में एक और ठोस कदम उठाया गया है। हल्द्वानी स्थित महिला अस्पताल में 50 बेड के नए भवन के साथ अब पार्किंग सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे मरीजों और तीमारदारों को बड़ी राहत मिलेगी। करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस नए अस्पताल भवन का निर्माण कार्य जोरों पर है। मुख्यमंत्री की विकासशील सोच और शासन की तत्परता के चलते अब इस प्रस्ताव को जल्द ही मंजूरी मिलने की पूरी उम्मीद है। मुख्यमंत्री के निर्देशो



के क्रम में डीएम की पहल के बाद अब इस पर ठोस कार्रवाई शुरू हो गई है। पार्किंग सुविधा जुड़ने से अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को अब सड़क किनारे वाहन खड़े करने की परेशानी से छुटकारा मिलेगा। यह निर्णय न सिर्फ बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाएगा, बल्कि यह भी दर्शाता है कि उत्तराखंड सरकार और मुख्यमंत्री आम जनता की ज़रूरतों को कितनी प्राथमिकता देते हैं।

# बहुजन समाज पार्टी की एक बैठक का आयोजन

**हल्द्वानी।** बहुजन समाज पार्टी की एक बैठक का आयोजन हल्द्वानी के सर्किट हाउस काठगोदाम में संपन्न हुई जिसमें बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष वह उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रही बहन कुमारी मायावती जी द्वारा उत्तराखंड प्रभारी शमसुद्दीन रईस के माध्यम से बहुजन समाज पार्टी के मजबूत पदाधिकारी एवं पूर्व में बहुजन समाज पार्टी के बैनर तले पार्षद एवं विधायक का चुनाव लड़ चुके जितेंद्र सिंह सागर उर्फ जीतू सागर को नैनीताल जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया।

# पंचायत चुनाव: महिला आरक्षण कमान पुरुषों के हाथ में

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से लागू किया गया 50 प्रतिशत आरक्षण, ज़मीनी हकीकत में अब भी 'मुखौटा प्रतिनिधित्व' से आगे नहीं बढ़ सका है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में एक बार फिर वही पुराना चेहरा सामने आया है—नाम महिला का, लेकिन फैसले और प्रचार की कमान पुरुषों के हाथ में। इस बार भी चल रहे पंचायत चुनावों में कुछ अलग तस्वीर देखने को नहीं मिल रही। विकास खंडों में नामांकन प्रक्रिया के दौरान अधिकतर स्थानों पर पुरुष ही सक्रिय नजर आए। नामांकन पत्र खरीदने से लेकर जमा करने तक की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी बेहद सीमित रही। जो महिलाएं सामने भी आईं, उनके साथ या उनके स्थान पर उनके पति ही पूरे नियंत्रण में दिखाई दिए। नामांकन के बाद प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी भी अधिकांश जगहों पर पुरुषों ने संभाली है। कई महिला उम्मीदवारों के प्रचार में उनके पति ही आगे दिखाई रहे, जिससे यह साफ होता है कि महिलाएं केवल नाम भर की उम्मीदवार हैं और असली कमान अभी भी पुरुषों के हाथों में है। सरकार की यह मंशा कि आरक्षण के जरिए महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त किया जाए, तब तक सफल नहीं मानी जा सकती जब तक सामाजिक ढांचे में वास्तविक बदलाव न हो। अब वक्त आ गया है कि महिलाओं को न केवल नामांकन तक पहुंच मिले, बल्कि वे निर्णय लेने की मुख्यधारा में भी पूरी सक्रियता से भागीदारी निभाएं।

# ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से किशोरी लापता, अनहोनी की आशंका

**रुद्रपुर।** शहर के फुलसुंगा, तीन पानी डाम क्षेत्र से एक 16 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने थाना ट्रांजिट कैंप में पहुंचकर बेटी की गुमशुदगी की तहरीर दी । पुलिस ने मामले में गंभीरता दिखाते हुए किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक फुलसुंगा, तीन पानी डाम निवासी एक व्यक्ति ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री शनिवार को सुबह लगभग 9 बजे घर से बिना कुछ बताए कहीं चली गई। परिजनों ने सोचा कि वह किसी जान-पहचान वाले के घर गई होगी, लेकिन दिनभर इंतजार करने के बाद जब वह घर नहीं लौटी, तो चिंता और बढ़ गई। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री की तलाश हर संभावित ठिकानों, रिश्तेदारी और परिचितों के घरों में की, लेकिन कहीं से कोई जानकारी नहीं मिल सकी। कहीं पता नहीं चला तो वह थाना ट्रांजिट कैंप पहुंचे और पुलिस को प्रार्थनापत्र सौंपकर बेटी की गुमशुदगी दर्ज करने की अपील की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# मुहर्रम: हल्द्वानी में यौम-ए-आशूरा अकीदत के साथ मनाया गया

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

मुहर्रम के पावन अवसर पर रविवार को हल्द्वानी में यौम-ए-आशूरा अकीदत के साथ मनाया गया। शहर के वनभूलपुरा क्षेत्र से लगभग 50 से अधिक ताजियों का भव्य जुलूस निकाला गया, जो ख्वाजा चौक से शुरू होकर लाइन नंबर 17, नई बस्ती, आजाद नगर, इंदिरा नगर, मुजाहिद चौक, चोरगलिया रोड होते हुए लाइन नंबर 16 स्थित कर्बला मैदान पर जाकर सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने कर्बला की शहादत को याद करते हुए गम और मातम के साथ इमाम हुसैन व उनके साथी शहीदों की कुर्बानी को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान ताजियों को



कंधों पर उठाकर परचम कुशाई और अखाड़ों के करतबों के माध्यम से कर्बला के मार्मिक दृश्य पेश किए गए।

जुलूस के दौरान उलेमाओं ने कर्बला की ऐतिहासिक घटना का बखान करते हुए बताया कि हजरत इमाम हुसैन ने यजीदी सत्ताधारियों के खिलाफ अपने हक और इंसाफ के लिए डटकर संघर्ष किया था, जो आज भी न्याय और सच्चाई की मिसाल है।

शाम से ही ताजियों को सजाने का सिलसिला शुरू हो गया था, और रात भर ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच अखाड़ों के युवाओं ने गतके, लाठी-तलवारबाजी जैसे पारंपरिक करतबों का प्रदर्शन किया, जिससे माहौल में धार्मिक उमंग और कर्बलाई रंग साफ नजर आया।

जुलूस के दौरान कई जगह श्रद्धालुओं द्वारा शरबत और लंगर वितरित किए गए। स्थानीय निवासी भी भोजन, पानी और दूध की व्यवस्था कर सेवा और सौहार्द की मिसाल पेश की। आयोजन की शांति और अनुशासन बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मुख्य मार्गों पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती के साथ ड्रोन के जरिए निगरानी भी की गई।

पूरे कार्यक्रम का शांतिपूर्ण और भव्य समापन हुआ, जिससे प्रशासन और नागरिकों ने संतोष व्यक्त किया। इस आयोजन ने धार्मिक भाईचारे और समाज में सौहार्द का संदेश दिया।